## खबर संक्षेप



### दिल्ली महारैली में भागीदार बने करनाल से कार्यकर्ता

**करनाल।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की महा रैली में शामिल होने के लिए करनाल से सैकड़ों कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों से रवाना हुए। रैली का नेतृत्व शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पराग गाबा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेश वैद्य और लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने किया। संयुक्त संबोधन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया है और वोट चोरी की राजनीति की है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी और कर्मचारी सभी भाजपा की नीतियों से परेशान हैं।

### महाशिवरात्रि भव्य रूप से मनाएगी शिव मंदिर सभा

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा, पुराना सर्राफा बाजार की ओर से 50वां महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत 5 जनवरी को प्रभातफेरी से होगी, जबकि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। संयुक्त जानकारी में सभा के प्रधान रमेश जिंदल और पदाधिकारियों ने बताया कि 1 से 13 फरवरी तक सांग और रागिणी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 8 से 14 फरवरी तक सत्यनारायण मंदिर, हनुमान गली में शिव पुराण कथा होगी। प्रभातफेरी प्रतिदिन सुबह पांच बजे शिव मंदिर सर्राफा बाजार से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाएगी।

### ताइक्वांडो में नन्हे योद्धाओं ने दिखाया दम

**तरावड़ी।** खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व व टीमवर्क जैसे गुणों का निर्माण भी करते हैं। इसी उद्देश्य को मजबूत करते हुए सहोदय स्कूल परिसर करनाल द्वारा आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर के 25 से अधिक विद्यालयों के खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रताप पब्लिक स्कूल के उभरते खिलाड़ियों सौम्या, मुस्कान, प्रभजोत और अवियांश ने अपनी फुर्ती, तकनीक और साहस का शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

### ज्ञान विज्ञान समिति का सम्मेलन संपन्न

**करनाल।** हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति का पांचवां त्रिवार्षिक सम्मेलन स्थानीय मानव सेवा संघ के हाल में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम मेहर ने की। खुले सत्र और प्रतिनिधि सम्मेलन में सामाजिक चुनौतियों और नागरिक समाज की भूमिका पर चर्चा हुई। राज्याध्यक्ष प्रो. प्रमोद गौरी, राज्य सचिव सुरेश कुमार और राज्य कार्यकारिणी सदस्य सोहन दास ने कहा कि नागरिक समाज समानता, स्वतंत्रता और वैज्ञानिक सोच पर आधारित होना चाहिए। करनाल में 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# महापुरुषों की जयंती मनाना सर्वसमाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास

## विस अध्यक्ष हरविन्द्र ने जगत गुरु ब्रह्मानंद जयंती का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को इंद्री में पहुंचकर क्षेत्रवासियों को 23 दिसंबर को कैथल जिला के गांव चूहड़ माजरा में जगत गुरु ब्रह्मानंद जी की 118वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह का निमंत्रण दिया।

इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेंद्र पंजोखरा ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का पगड़ी पहनाकर, शॉल व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष, इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, पूंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा सहित अन्य अतिथियों का भी पुष्प गुच्छ व शॉल भेंटकर स्वागत किया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार का संत महापुरुषों की जयंती को सरकारी तौर पर मनाना एक ऐतिहासिक निर्णय है। सरकार के यह निर्णय सर्व समाज को एकता के सूत्र में बांधने का एक सार्थक प्रयास है। इससे जहां भाईचारा को मजबूती मिलती है, वहीं युवा पीढ़ी को महापुरुषों की शिक्षाओं से समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होने अपील की कि जगत गुरु ब्रह्मानंद जी की जयंती को उत्सव के रूप में मनाएं। 23 दिसंबर को कैथल जिला के चूहड़ माजरा में जयंती पर आयोजित किए जाने वाले राज्य स्तरीय समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे तथा प्रदेश के अन्य मंत्री, विधायकों की भी उपस्थिति रहेगी।

पूंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि जगत गुरु ब्रह्मानंद जी की जयंती हम सब के लिए एक उत्सव के समान है। ऐसे में हम सब का यह दायित्व बनता है कि इस समारोह में अधिक से अधिक महिलाएं, पुरुष व बच्चे अधिक से अधिक शामिल हों और गुरु जी के दिखाए हुए मार्ग का अनुसरण करें।



इंद्री। कार्यक्रम में संबोधित करते हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण। फोटो : हरिभूमि

### ब्रह्मानंद दूरदर्शी थे : रामकुमार

*इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि संत महापुरुष किसी एक समाज के नहीं होते, वे तो सर्व समाज की भलाई का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मानंद दूरदर्शी थे, उन्होंने सालों पहले नारी शिक्षा, पर्यावरण के महत्व के बारे में बता दिया था। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है और वर्तमान सरकार भी आज दोनों विषयों पर गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इंद्री विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोग 23 दिसंबर को जगत गुरू ब्रह्मानंद जयंती समारोह में पहुंचेंगे, इसके लिए वे गांव-गांव पहुंचकर लोगों को निमंत्रण देंगे।*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, महेंद्र पंजोखरा, रघुबीर बतान, कर्मवीर कौल, धर्मपाल शांडिल्य, इलम सिंह व मायाराम सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में आंदोलन तेज करने का




- रिटायर्ड कर्मचारी संघ की घरौंडा ब्लॉक बैठक, राष्ट्रीय सम्मेलन व धरना-प्रदर्शन की रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की घरौंडा ब्लॉक की बैठक हर्बल पार्क में खंड प्रधान योगेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन खंड सह सचिव मुनीष गुप्ता ने किया। बैठक में वाईपी यादव, सुरेन्द्र रावत, यशपाल राणा, मनोहर लाल, सुल्तान सिंह, बलराज सिंह और डा. रणदीप श्योराण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में जिले सिंह और डा. रणदीप श्योराण ने संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाने को लेकर अपने सुझाव रखे। बलराज सिंह, सुरेन्द्र रावत और मुनीष गुप्ता ने जानकारी दी कि 22 और 23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में रिटायर्ड कर्मचारी संघ का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। खंड प्रधान योगेंद्र शर्मा ने कहा कि बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार देशभर के सभी सरकारी विभागों, मान्यता प्राप्त बोर्ड, निगम और कॉर्पोरेशन के रिटायर्ड कर्मचारी पेंशन वित्त विधेयक वापस होने तक चरणबद्ध आंदोलन करेंगे और आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। मनोहर लाल और यशपाल राणा ने बताया कि 17 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### इन्होंने किया आर्थिक सहयोग प्रदान

संगठन की मजबूती के लिए सतनाम सिंह, सुल्तान सिंह, बलजीत सिंह, महावीर सिंह, बलबीर सिंह, शांति देवी, भतेरी देवी, कमला देवी, योगेंद्र शर्मा, मुनीष गुप्ता, नरेश कश्यप, प्रवीण कुमार, जिले सिंह, नफे सिंह, ऋषीपाल राणा, यशपाल राणा, राजबीर राणा, ईश्वर सिंह धीमान, रामप्रकाश, तेजबीर सिंह, फूल सिंह, डा. ईश्वर दहिया, धर्मपाल शर्मा, ओम दत्त पांचाल और जोगिंदर फोर ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

# विधायक कबीरपंथी ने ली समस्याओं की जानकारी



नीलोखेड़ी। मार्केट कमेटी कार्यालय में परिचयात्मक बैठक में उपस्थित विधायक व चेयरमैन शिव नाथ कपूर।

- मार्केट कमेटी मे परिचयात्मक बैठक आयोजित

**नीलोखेड़ी।** स्थानीय मार्केट कमेटी में आज स्थानीय विधायक भगवान दास कबीरपंथी के पहुंचने पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर सहित उपचेयरमैन मलखान सिंह एवं मार्केट कमेटी बोर्ड के सदस्यों ने अभिनंदन किया। मार्केट कमेटी के सदस्यों के साथ परिचयात्मक बैठक में भगवानदास कबीरपंथी ने स्थानीय अनाज मंडी में समस्याओ के बारे जानकारी भी ली। चेयरमैन शिव नाथ कपूर ने बताया कि फिलहाल कोई मंडी में समस्या नहीं है लेकिन मंडी का स्थान कम होने के कारण तो परेशानी है,उसके लिए जो नवनिर्माण मंडी का काम चल रहा है उससे ही इस समस्या का निदान संभव है। इस अनाज मंडी में बरसातों के दौरान पानी भर जाने को लेकर होने वाली परेशानी से मलखान सिंह ने अवगत करवाया। जिसके समाधान के लिए विधायक ने आश्वस्त किया। मार्केट कमेटी के सदस्यों के साथ परिचयात्मक बैठक में चेयरमैन शिव नाथ कपूर, उपचेयरमैन मलखान सिंह, सचिव अशोक शर्मा, सुपरवाइजर मनीष भाटिया सहित कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने उठाया धर्म लाभ

*शीतकालीन भंडारा सम्पन्न*



**करनाल।** बाबा राम दास गिरि चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में गांव कलवेहड़ी में बाबा राम दास गिरि जी काली कमली वाले की पावन स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय 120वें शीतकालीन भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। रविवार को भंडारे और प्रवचनों का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह समाधि स्थल पर गद्दीनशीन वैद्य देवेंद्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, गौरव बत्तरा, डा. मानव बत्तरा और यश बत्तरा ने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर हवन यज्ञ किया। पंडित सचिदानंद तिवारी, पंडित चेतन देव शर्मा और पंडित शेखर शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डलवाईं। कार्यक्रम में पहुंचे संत-महात्माओं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संतों ने मंच से प्रवचन देते हुए धर्म, संस्कार और मानव कल्याण का संदेश दिया। डा. परमानंद महाराज ने कर्म सिद्धांत पर प्रकाश डाला, जबकि स्वामी हरिओम पांडे ने भजन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद तीर्थ ने कहा कि माता-पिता के संस्कार बच्चों के जीवन की दिशा तय करते हैं। स्वामी सुख सागर महाराज ने भजन प्रस्तुत करते हुए कहा कि जहां संतों के चरण पड़ते हैं, वह स्थान तीर्थ बन जाता है। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा देवी-देवताओं की झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि 121वां भंडारा 28 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर यश बत्तरा, डा. गौरव बत्तरा, डा. मानव बत्तरा, हरबंस खुराना, सुभाष गुरेजा, रामलाल ग्रोवर, शाम चावला, लक्षिता बत्तरा और साबिया बत्तरा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिव स्तुति व सुंदरकांड का आयोजन



**करनाल।** श्री राम मंदिर, सेक्टर-8 में शिव स्तुति का पाठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भोलेनाथ का दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से पंचामृत स्नान करवाया तथा फूलों से भव्य श्रृंगार किया। भोलेनाथ को बेलपत्र, तुलसी, गुलाल, गुलाब, इत्र और फल अर्पित किए गए। पंचाक्षरी मंत्र के पाठ के बाद भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया। पूजन कार्य पंडित अनिल द्विवेदी द्वारा संपन्न करवाया गया। भजन गायन में वीना सेठ, अनु खट्टर, सुशील मदान और ओमप्रकाश सचदेवा ने अपने-अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सायंकालीन सत्र में श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। पंडित अनिल द्विवेदी ने कहा कि भोलेनाथ केवल देवों के देव महादेव ही नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड के अधिष्ठाता हैं। उनके आशीर्वाद से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं। कार्यक्रम में रविंद्र बत्रा, साइ दास अरोड़ा, अशोक मदान, सर्वेश, संतोष, संजीव ढींगरा, सुनैना, मुरारी बत्रा और चंद्र बत्रा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# यौन शोषण के आरोपी ने महिला पर लगाए वसूली करने के आरोप

**करनाल।** करनाल में एक सामाजिक संस्था के संचालक पर महिला द्वारा दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। आरोपी गुरकीरत सिंह ने महिला पर झूठे आरोप लगाकर मोटी रकम वसूलने और दबाव बनाने का आरोप लगाया है। गुरकीरत सिंह के अनुसार 9 दिसंबर को उन्हें पता चला कि महिला ने उनके खिलाफ महिला थाने में शिकायत दी है। इसके बाद 10 दिसंबर को महिला थाना पहुंचकर महिला ने एक दिन बाद कार्रवाई करने की बात कही और उसी दौरान 14 लाख रुपये देने का दबाव बनाया। इससे परेशान होकर गुरकीरत सिंह ने पुलिस अधीक्षक करनाल को लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। शिकायत में गुरकीरत सिंह ने बताया कि उनकी संस्था का उद्देश्य बिना किसी आर्थिक लेन-देन के जरूरतमंदों की मदद करना है और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है। महिला सोशल मीडिया के जरिए संस्था से जुड़ी थी और धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी। महिला द्वारा लगाए गए आरोपों में कहा गया है कि संस्था संचालक ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर वीडियो बनाई, ब्लैकमेल किया और वायरल करने की धमकी दी।

## न्यूज डायरी

### खुले नाले में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**करनाल।** करनाल जिले के नीलोखेड़ी कस्बे में खुले नाले में गिरने से 60 वर्षीय बुजुर्ग अमरजीत की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह बाजार से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में नाले के ऊपर से गुजरते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे नाले में गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बुजुर्ग को नाले से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रात को शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों और वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि नाले लंबे समय से खुले पड़े हैं और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने बताया कि जिस सड़क पर हादसा हुआ वह लंबे समय से निर्माणाधीन है और खराब स्थिति के कारण पहले भी लोग गिर चुके हैं। नीलोखेड़ी थाना पुलिस के अनुसार बुजुर्ग के फिसलकर गिरने से मौत हुई है।

### नेशनल हाईवे पर सर्विस लेन में मिला शव

**तरावड़ी।** दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर तरावड़ी के रंबा मोड़ कूड़े के ढेर के पास सर्विस लेन में एक सड़ी-गली अज्ञात लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों को तेज बदबू आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तरावड़ी थाना पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर गंदगी के ढेर के बीच एक बुरी तरह सड़ी-गली लाश बरामद हुई, जो काली पड़ चुकी थी। पुलिस के अनुसार शव की हालत देखकर आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत करीब चार से पांच दिन पहले हुई होगी। तरावड़ी थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए करनाल स्थित कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के मोर्चरी हाउस में भिजवा दिया गया है। शव की पहचान के लिए उसे 72 घंटे तक मोर्चरी में रखा जाएगा। यदि इस दौरान पहचान नहीं हो पाती है तो सामाजिक संस्था के माध्यम से अंतिम संस्कार कराया जाएगा। पुलिस ने आसपास के लोगों और दुकानदारों से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मृतक कौन है और वह यहां कैसे पहुंचा। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस संबंध में कोई जानकारी हो या कोई व्यक्ति हाल ही में लापता हुआ हो, तो तरावड़ी थाना या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें, ताकि मामले की जांच में मदद मिल सके। चाय पर चर्चा कार्यक्रम में आमजन से सीधे जुड़े विधायक जगमोहन आनंद

### जनसंवाद, समस्याओं और विकास सुझावों पर चर्चा

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद रविवार को अपने नियमित जनसंवाद कार्यक्रम 'चाय पर चर्चा' के तहत नेहरू पैलेस पहुंचे, जहां आमजन और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। संयुक्त संबोधन में विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। इससे जनता की समस्याओं, अपेक्षाओं और विकास संबंधी सुझावों को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रभु सिमरन और सकारात्मक सोच से दिन की शुरुआत करने से कार्यों में सफलता मिलती है। विधायक ने बताया कि करनाल के सभी वार्डों में विकास कार्य निरंतर जारी हैं और नई योजनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। आमजन से प्राप्त मांग पत्रों और सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

### तीन जरूरतमंद कन्याओं का विवाह करवाया

**करनाल।** मानव सेवा संघ की ओर से रविवार को जरूरतमंद परिवारों की तीन कन्याओं का विवाह सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ति ने बताया कि सोनाक्षी का विवाह सूरज कुमार, तन्नू का विवाह गुरमीत और मनीषा का विवाह विक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़ी अनेक हस्तियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। दानदाताओं के सहयोग से कन्यादान करते हुए घरेलू उपयोग का आवश्यक सामान भी भेंट किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला प्रधान प्रवीण लाठर ने कहा कि कन्यादान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। मानव सेवा संघ वर्षों से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रहा है, जो समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने समाज की सभी संस्थाओं और समर्थ लोगों से ऐसे कार्यों में सहयोग करने की अपील की। स्वामी प्रेममूर्ति ने कहा कि मानव सेवा संघ 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के सिद्धांत पर लंबे समय से कार्य कर रहा है। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने बताया कि अब तक संघ की ओर से 705 कन्याओं का विवाह करवाया जा चुका है। इस अवसर पर डा. भगत राम खंडवाल एडवोकेट, दुलीचंद शर्मा, महेंद्र नरवाल, देवेंद्र वालिया, डा. सतपाल और सुमेर चंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### साधु-संतों के लिए भंडारे का आयोजन

**तरावड़ी।** नर सेवा ही नारायण सेवा के पावन भाव को चरितार्थ करते हुए रविवार को श्री गुरु परिवार, तरावड़ी की ओर से साधु-संतों एवं फकीरों के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस पुण्य अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजन-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा बंसी वाले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। गुरु परिवार के सदस्यों ने साधु-संतों की सेवा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु परिवार के अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के धार्मिक व सामाजिक कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा बंसी वाले से समाज की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर गुरु परिवार से प्रधान शीशपाल गुप्ता एवं श्रीमती अनीता रानी, जयप्रकाश भारद्वाज एवं श्रीमती पूर्ण भारद्वाज, अर्जुन भारद्वाज एवं श्रीमती सुमन भारद्वाज, शिवकुमार धीमान एवं श्रीमती गीता देवी धीमान, नरेश भारद्वाज एवं श्रीमती सीमा भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में बढ़-चढकर भाग लिया।

## अवैध कॉलोनी में पीला पंजा चलाने के बाद टीम के जाते ही दोबारा निर्माण शुरू

# प्रशासन की नाक के नीचे कॉलोनाइजर्स का गजब का खेला

- लगभग दो सौ एकड़ जमीन में 10 से 12 अवैध कॉलोनियों पनप रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

प्रशासन व कॉलोनाइजरों के बीच एक गजब का खेल खेला जा रहा है। जिला योजनागार विभाग ने पनप रही अवैध कॉलोनियों में कई बार पीला पंजा चलाकर सड़कों को ध्वस्त कर दिया है।

जब विभाग का पीला पंजा चलाकर वापिस चला जाता है तो कॉलोनाइजर दोबारा सड़को को ठीक कर लेते हैं। लोगों का कहना है कि अवैध कॉलोनियों में इस प्रकार की कार्यवाही होनी चाहिए कि अवैध कॉलोनी पनप न सके। शहर में लगभग दो सौ एकड़ जमीन में लगभग 10 से 12 अवैध कॉलोनियों पनप रही है। सरकार का दावा है कि किसी भी इलाके में अवैध कॉलोनी पनपने नहीं दी जाएगी, इसके बावजूद में कॉलोनाइजर धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियों काट रहे हैं। हालांकि जिला योजनागार विभाग व नगरपालिका बार बार अवैध कॉलोनियों की सड़को को ध्वस्त करने का अभियान चलाते हैं, अवैध कॉलोनियों में बने निर्माण व कच्ची सड़को को ध्वस्त कर देते हैं, लेकिन कालोनाइजरों की हिम्मत तो देखिए कि जैसे ही जिला योजनागार विभाग सड़क ध्वस्त करके बेरंग लौटता है तो कुछ घंटों के बाद ही ध्वस्त हुई सड़के ठीक हो जाती है। जिला योजनागार विभाग के अधिकारी गुंजन वर्मा से इस प्रकार का सवाल भी किया था तो उन्होंने कहा कि विभाग समय समय पर अपनी कार्यवाही कर रहा है। पिछले सप्ताह हालांकि विभाग ने लगभग दस कॉलोनियों में ठोस कार्रवाई को अंजाम दिया था, लेकिन कालोनाइजरों ने फिर सड़कों को पीले पंजे से ठीक करवा ली। लोगो का तर्क है कि इस प्रकार की कार्यवाही से केवल विभाग का समय बर्बाद करना है।

उन्होंने कहा कि विभाग एक बार ही ऐसी कार्यवाही करें ताकि कॉलोनाइजर दोबारा सड़को को ठीक न कर पाए। लोगो को कहना है कि इससे साफ जाहिर है कि कॉलोनाइजर विभाग को ठेंगा दिखाने का काम कर रहा है।



घरौंडा। बीते दिनों अवैध कॉलोनियों की सड़को में खोदे गए गड्ढे।

### सुविधा के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी जाती

*शहर में दस से 12 अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। उन कॉलोनियों में आम नागरिकों की सुविधा के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी जाती ताकि आने वाले समय में कॉलोनियों में पीने के पानी का ट्यूबल, गंदे पानी निकासी के लिए डिस्पोजल के लिए जगह, पार्क, मंदिर व अन्य सुविधाओं के लिए जगह नहीं छोड़ी जाती ताकि कॉलोनी आबाद होने के बाद इस प्रकार की सुविधा मिल सके। लोगो का तर्क है कि कॉलोनी के आबाद होने के बाद लोगों ने जगह खरीद कर इस प्रकार की सुविधा लेनी पड़ती है। जोकि बहुत महंगे भाव में खरीदनी पड़ती है।*

## जिला स्तरीय पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# युद्धवीर सिंह ने प्रतिभागियों को बच्चों के राइट्स व महिला सशक्तिकरण के बारे में दी जानकारी

■ शिविर के शुरूआत रेडक्रास वंदना व झंडा गीत के साथ की गई





पानपीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रस्तुति देते छात्राएं, जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में अतिथिगण का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला रेडक्रास सोसाइटी के प्रधान एवं उपायुक्त डा. विरेन्द्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन एवं उपाध्यक्ष अंकुश मिंगलानी व महासचिव डा.सुनील कुमार राज्य शाखा चण्डीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार जिला स्तरीय पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सचिव गौरव रामकरण की देख-रेख में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। जिसमें लगभग 120 प्रतिभागी भाग ले रहे है। सचिव गौरव राम करण ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन बतौर विशिष्ट अतिथि सीए मुकेश शर्मा ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरक्त की। शिविर के शुरूआत रेडक्रास वंदना व झंडा गीत के साथ की गई। आज शिविर निदेशक व जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेंश चन्द की अगुवाई में प्रतिभागियों को रेडक्रास सदस्यता अभियान, प्राथमिक सहायता, गृह परिचर्या, चाईल्ड राईटस, महिला सशिक्तकरण आदि विषयों बारे अवगत करवाते हुए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शिविर निदेशक हरमेंश चन्द ने प्रतिभागियों को अवगत करवाया कि कोई भी व्यक्ति स्वंयसेवक, वार्षिक सदस्य व आजीवन सदस्य के तौर पर जुड़कर रेडक्रास द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी गतिविधियों से जुड सकता है। प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या प्रवक्ता सोनिया शर्मा ने प्राथमिक सहायता पर जोर दिया। महिला एंव बाल विकास विभाग से आये कांउसलर युद्धवीर सिंह ने प्रतिभागियों को बच्चों के राइटस व महिला सशक्तिकरण बारे जानकारी दी। प्रतिभागियों की पोस्टर मेकिंग, भाषण, संगीत व ग्रुप डांस प्रतियोगिता सम्पन्न करवाई गई। उक्त प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के तौर पर सीए मुकेश शर्मा विशिष्ट अतिथि की अध्यक्षता में सोनिया शर्मा व सुदेश कुमारी ने बतौर जज की भूमिका अदा की। बच्चों में प्रथम, द्वितिय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को शिविर के समापन पर सम्मानित किया जायेगा। शिविर निदेशक हरमेंश चन्द व अन्य कांउसलर द्वारा स्वास्थ्य विभाग से आये विशेषज्ञों व अन्य विभागों से आये वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर रेडक्रास से जिला जेआरसी कोर्डिनेटर मीना कांबोज, कांउसलर मुकेश शास्त्री, अजय शर्मा, अमित खत्री, राजेश देवी, सानया सिंह, कुसम बंसल, शक्तिधर समेत प्रवक्ता कला भारद्वाज, प्रदीप व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।




पानीपत। पाईंट कॉलेज में आराध्या एक एहसास फाउंडेशन आइकोनिक अवाड्र्स से डा. अनु कालडा को नवाजते हुए।

## कंचन सागर और मनन सिंगला ने डॉ. अनु को बधाई दी

# पुरस्कार शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हैं : डा. अनु कालड़ा

■ डा.अनु ने आराध्या फाउंडेशन के संस्थापक मनीष गुप्ता ने पुरस्कार समारोह में बुलाने के लिए आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

स्थानीय पाईंट कॉलेज में आराध्या एक एहसास फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2025 के लिए आइकोनिक अवाड्र्स प्रदान किये गए। जिसमें मुख्यअतिथि निसा के प्रधान कुलभूषण शर्मा, एसीबीएसई की पूर्व जॉइंट डाइरेक्टर मोनिका रहे जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में डायरेक्टर जनार्दन शर्मा,पाइट के संस्थापक राकेश तायल व डा. अनु कालड़ा ने शिरकत की। डा. अनु कालडा ने कहा कि मैं शिक्षा के क्षेत्र में उनकी निःस्वार्थ सेवाओं के लिए सभी अवार्ड पाने वालों को बधाई देती हूं। गौरतलब है डा. अनु कालड़ा न केवल शिक्षिका है अपितु पानीपत में समाज सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी नामों में से एक हैं जो कि इन्नर व्हील की पूर्व प्रधान व हेल्पेज ओर्फनज की सीसीओ हैं। डा.अनु कालड़ा ने आराध्या फाउंडेशन के संस्थापक मनीष गुप्ता ने पुरस्कार समारोह में बुलाने के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं इन्नर व्हील की चार्टर प्रधान कंचन सागर व हेल्पेज औरफ न्स के संस्थापक मनन सिंगला ने भी डा.

# विजय गाहल्याण ने स्टेट जैवलिन थ्रो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

■ पहले भी राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 19 से ज्यादा जीत चुके हैं पदक



पानीपत। विजय को पैरा ओलंपियन नरेंद्र सहरावत, स्टार जैवलिन थ्रोअर राजकिशोर शर्मा सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

चंडीगढ़ के सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग चंडीगढ़ में सहायक मैनेजर पीआर के पद पर कार्यरत विजय गाहल्याण ने स्टेट जैवलिन थ्रो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता 13-14 दिसंबर को पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुई। पानीपत के आटटा गांव के विजय गाहल्याण ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई मंजिल बड़ी नहीं होती। शनिवार को पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजय ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपने गांव का नाम रोशन किया बल्कि पानीपत जिले का नाम रोशन किया है। यह पहली बार नहीं है जब विजय ने अपनी प्रतिभा से सबका दिल जीता हो। इससे पहले भी वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिताओं में 19 पदक हासिल कर चुके हैं। वर्तमान में पानीपत की मुखिजा कॉलोनी में रहते हैं। नौकरी के साथ खेल में संतुलन साधना आसान नहीं होता, लेकिन विजय ने इसे अपने अनुशासन और समर्पण से संभव बनाया। वे बताते हैं कि ड्यूटी पूरी करने के बाद रोजाना पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में अभ्यास करने जाते थे। वहीं जब वे पानीपत में होते तो अपनी तैयारी शिवाजी स्टेडियम में जारी रखते थे। उनकी यह मेहनत और निरंतर अभ्यास ही उन्हें सफलता की ऊंचाईयों तक ले गया है। विजय पैरा ओलंपिक नरेंद्र सहरावत, स्टार जालियां थ्रोअर राजकिशोर शर्मा ने सम्मानित किया। विजय का नेशनल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के एथलेटिक्स दल में चयन हो गया है। अब विजय का अगला लक्ष्य राजस्थान के अजमेर में होने वाली राष्ट्रीय जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता का है। जिसकी तैयारी उन्होंने शुरू कर दी है।



पानीपत। ब्राह्मण समरसता अभियान को लेकर भगवान परशुराम भवन समिति में बैठक करते ब्राहमण।

# शहीद हुए ब्राह्मणों को 11 जनवरी को धर्मशाला में देगें श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ब्राह्मण समरसता अभियान की बैठक भगवान परशुराम भवन समिति पानीपत में हुई। बैठक में निर्णय लिया कि पानीपत में तीन लड़ाई लड़ी गई। जिसमें दो लड़ाई ब्राह्मणों के नेतृत्व में लड़ी गई जबकि 1556 में हेमचंद भार्गव के नेतृत्व में ,1761 में ब्राह्मण पेशवा के नेतृत्व में लड़ी, 1761 की लड़ाई में 48000 ब्राह्मण की शहादत हुई जो 14 जनवरी 1761 में हुई विश्व रिकॉर्ड है, अभी तक इतनी बड़ी शहादत किसी की नहीं हुई। 1761 की लड़ाई में शहीद हुए ब्राह्मण को श्रद्धांजलि देने के लिए 11 जनवरी को समस्त हरियाणा के ब्राह्मण पानीपत की धर्मशाला में एकत्रित होकर उन्हे नमन करेंगें। लड़ाई में जिन ब्राह्मणों के पूर्वजों ने शहादत दी उसमें वह भी शामिल होंगें। तीसरी लड़ाई के सेनापति बाबू जी राव के वंशज नारायण प्रभाकर राव भी इसमें शामिल होंगे। आज पानीपत के गणमान्य वह संस्थाओं के लोग बैठक में शामिल हुए। बैठक में सौरव ब्राह्मण सभा के प्रधान सोमदत्त शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के प्रधान जनेश्वर दत्त, विपिन कोशिक एडवोकेट, रंजीत शर्मा जलालपुर, श्रीनिवास शर्मा, अशोक शर्मा, विजय शर्मा, महेंद्र अत्री, सुरेंद्र शर्मा, रामकुमार शर्मा, देवेंद्र शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा,डा. विजय कुमार, जितेंद्र शर्मा, सियाराम एडवोकेट, रामपाल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, राजवीर शर्मा, संदीप शर्मा, कृष्ण वशिष्ठ, श्याम, कुलदीप कौशिक,राहुल कौशिक,दयानंद शर्मा, डा. सतवीर शर्मा व धर्मवीर शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ब्रह्मज्ञान से ही आत्म बल जाग्रत होता है

**पानीपत।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान पानीपत आश्रम में रविवार को सत्संग समागम में आशुतोष महाराज जी की साध्वी शिष्या वर्षा भारती ने संगत को विचार देते हुए कहा कि नकारात्मक कार्य न करें ना सोचें कई बार समाज और कानून के चलते हम ऐसे कई लोग स्वयं को इन गलत कार्यों को करने में रोक भी लेते हैं। उदाहरण के लिए यदि कोई चोरी करने के लिए आगे बढ़े तो कानून के डर की वजह से मैं उसे नहीं करता अपने बॉस पर गुस्सा होते हुए भी कोई कर्मचारी उसे कुछ नहीं कहता क्योंकि ऐसा करने से उसकी नौकरी चली जाएगी हम लैपटॉप या मोबाइल पर कुछ अश्लील देखने से बचते हैं क्योंकि ऐसा न हमारा यह गैजेट चेक हो जाए है और हमें शर्मिंदगी उठानी पड़े। इसके लिए हमारे पास कौन सा उपाय गए वह कौन सा बल है जो मन के ऊपर अपना अधिकार जमा सके सभी संतों ने एकमत होकर कहा वह बल है आत्म बल सद्गुरु द्वारा प्रदान ब्रह्मज्ञान से ही यह आत्म बल जाग्रत होता है जो मन के नकारात्मक विचारो को रोक सकता है।

## खबर संक्षेप



### एफएमसी ने पानीपत में ईयू ग्रीन डील जागरूकता पर वर्कशॉप की आयोजित

**पानीपत।** स्वच्छ एशिया ग्रीन थ्रेड्स प्रोजेक्ट के तहत ईयू ग्रीन डील जागरूकता वर्कशॉप डेज होटल में आयोजित की गई। वर्कशॉप में पानीपत और अमरोहा के एसएसएमईएस ने यूरोपीय संघ के बढ़ते पर्यावरण नियमों और भारतीय कपड़ा व घर सजाने के सामान के निर्यातकों पर उनके असर को समझा। कार्यक्रम की शुरुआत एफ एमसी के कार्यकारी निदेशक मुकेश गुलाटी ने की। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम व्यवसायों एमएसएमई के लिए जरूरी है कि वे दुनिया भर के पर्यावरण नियमों का पालन करें। जीएफ ए की सीनियर इंपैक्ट प्रोग्राम मैनेजर हर्षिता वेनाती ने पहली वर्कशॉप को संक्षेप में बताया कि टिकाऊ उत्पादों के लिए इकोडिजाइन नियम और डिजिटल उत्पाद पासपोर्ट पर चर्चा हुई थी।



### किसी भी कीमत पर मंड़ी में हेराफेरी बर्दास्त नहीं होंगी : राजेश जागलान

**इसराना।** इसराना की नई अनाज मंड़ी के प्रांगण में नवनियुक्त चेयरमैन ओर वाइस चेयरमैन के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नवनियुक्त चेयरमैन राजेश जागलान ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि अनाज मंड़ी में किसी भी तरह की हेराफेरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेंगी। चाहें हेराफेरी करने वाला कितना प्रभावशाली क्यों ना हो। जब किसान अपनी फसल को लेकर मंडी में आता है हमें उससे शालीनता के साथ उससे बातचीत करनी चाहिए। शपथ ग्रहण करने के बाद चेयरमैन राजेश जागलान, वाइस चेयरमैन विशाल गोयल को उनके कार्यालय में ले जाकर कुर्सी पर बैठा कर हस्ताक्षर करवा कर कार्य का चार्ज दिया।



### सर्दी के दिनों में योग बहुत जरूरी है : शीश पाल

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति ने देवी मंदिर के हाल में पांच दिवसीय योग शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें आज डा.शीश पाल सिंह, जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि ट्रस्ट ने बताया कि सर्दी के दिनों में योग बहुत जरूरी है योग एवं प्राणायाम जो भाई बहन करते है उसको किसी भी प्रकार के रोग नहीं लगता योग करने से 72 करोड़ 72 लाख 10,200 से अधिक वेनस में रक्त का संचार बहुत ही अच्छे प्रकार से होने लगता है, सर्दी के दिनों में खून जमने लगता है जिससे अटैक की संभावना बनी रहती है इसलिए सवेरे उठकर गर्म पानी में एलोवेरा 2 चम्मच व आंवला 2 चम्मच पानी के साथ खाली पेट लें जिससे पेट साफ रहता है। ब्लड को साफ करने के लिए दालचीनी और अर्जुन की छाल का काढ़ा पीना चाहिए। इस अवसर पर शीशपाल सिंह, बलवान सिंह, श्याम गुलाटी ,संगीता, रजनी, दुर्गा, कुसुम, रेणु, सुनील सिंगला, अमृत लाल, प्रवीण, कमल ,राकेश ने भाग लिया।



### आर्ट ऑफ लिविंग ने करवाया माडल टाउन में एडवांस मेडिटेशन कोर्स

**पानीपत।** माडल टाउन स्थित आर्ट आफ लिविंग सेंटर में एडवांस मेडिटेशन कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने गहन साधना और ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का गहरा अनुभव प्राप्त किया। इस कोर्स का मार्गदर्शन आर्ट ऑफ लिविंग के सुप्रसिद्ध शिक्षक सुरेंद्र गोयल द्वारा किया गया। कोर्स के आयोजन में कुसुम धीमान, दीपक सिंघल, पूजा सिंघल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतिदिन प्रातःकाल प्रतिभागियों को मॉर्निंग साधना का सत्र गौतम सेतीया व दीपक सिंघल द्वारा कराया गया।

# डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं तुरंत 1930 पर कॉल करें: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं। एसपी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आपके पास किसी अज्ञात नंबर से फोन कर आपके बेटा, बेटी का नाम लेकर कहा जाए कि वह कहां है और अगले ही पल कहा जाए नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हूं और वह हमारी हिरासत में है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि में शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपत्तिजनक वस्तु होने की बात कही जाए तो तुंरत सतर्क हो जाएं। यह साइबर ठगों का काम हो सकता है। तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराए।

# विश्वविद्यालयों के पात्र अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। हुकटा के प्रतिनिधि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से की मुलाकात करते हुए।

हरियाणा विश्वविद्यालय अनुबंधित शिक्षक संघ हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने आज हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात कर शिक्षा विभाग के अधीन विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए सेवा-सुरक्षा विधेयक शीतकालीन विधानसभा सत्र में लाकर अधिनियम पारित किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि कालेजों के एक्सटेंशन लेक्चररों की भांति विश्वविद्यालयों के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को भी सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए। ताकि उन्हें रोजगार-गारंटी मिल सके। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आश्वासन दिया कि वे इसी शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री से बातचीत कर विधेयक लाकर अधिनियम पारित करवाने का प्रयास करेंगे। जबकि समान योग्यता और समान कार्य करने वाले शिक्षा विभाग के विश्वविद्यालयों के लगभग 1400 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर से वंचित रह गए। हुकटा के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि 15 अगस्त 2024 तक शिक्षा विभाग के बाहर किसी भी विभाग के अधीन विश्वविद्यालय में एक भी पात्र अनुबंधित शिक्षक उपलब्ध नहीं है, यदि उपलब्ध भी होंगे तो इससे पहले से चली प्रक्रिया बाधित होगी।

### ये रहे उपस्थित

हुकटा के प्रतिनिधि मंडल में हुकटा के अध्यक्ष विजय कुमार, अंजना मिश्रा, पूनम व अमित मलिक आदि अनुबंधित शिक्षक उपस्थित रहें।

## सोमनाथ धाम आश्रम में आध्यात्मिक संगोष्ठी सम्पन्न, रजत जयंती महोत्सव की दी जानकारी

# संस्कारवान बनना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

■ श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं एकाग्रता के साथ श्रवण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

### श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं एकाग्रता के साथ श्रवण किया



पानीपत। सोमनाथ धाम आश्रम में आध्यात्मिक संगोष्ठी में भाग लेते साधक।

विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा आज सोमनाथ धाम आश्रम, निम्बरी में एक आध्यात्मिक बैठक एवं सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें सुधांशु जी महाराज एवं डा. अर्चिका दीदी का रिकॉर्डेड सत्संग टेलीविजन के माध्यम से प्रसारित किया गया। जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं एकाग्रता के साथ श्रवण किया। सत्संग के दौरान डा. अर्चिका दीदी ने कहा कि संस्कारवान बनना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि माता-पिता, समाज और आस-पास के लोगों के साथ हमारा आचरण कैसा होना चाहिए।

उन्होंने मानव कल्याण में जीवन को समर्पित करने, सभी के प्रति मैत्री भाव रखने तथा रिश्तों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। डा. अर्चिका दीदी ने कहा कि छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज कर, कमियों को देखने के बजाय अच्छाइयों को अपनाने से ही संबंध सुदृढ़ होते हैं। वहीं सुधांशु जी महाराज ने अपनी वाणी में वाणी की शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि न तो किसी को ताना देना चाहिए और न ही निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव मीठा और सत्य वचन बोलना चाहिए। विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल के महामंत्री गिरिश अरोड़ा ने आगामी सनातन संस्कृति जागरण अभियान एवं रजत जयंती महोत्सव के बारे में जानकारी दी, जो 2 से 5 अप्रैल 2026 तक शिवाजी स्टेडियम, मॉडल टाउन ,पानीपत में आयोजित किया जाएगा। साथ ही आनंद धाम आश्रम, दिल्ली में नववर्ष 2026 पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी भी सांझा की। कार्यक्रम का मंच संचालन भीम दुडेजा ने किया।

### संगोष्ठी में ये रहे मौजूद

*बैठक में मुख्य रूप से विश्व जागृति मिशन के हरियाणा प्रभारी आरएन रावल, विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल के प्रधान डा. जगजीत आहूजा, इंदर चुघ, सुभाष सोनी, रमेश आर्य, रमेश ढींगड़ा, राजेश सेठी, वीना चुघ, कांता छाबड़ा, गणेश ठाकुर एवं जगदीश खुराना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।*

